**NEWS CLIPPING:10.03.2022**

# THE TRIBUNE

## MODERN LIBRARY PRACTICES

**Faridabad:** A week-long short-term training programme (STTP) on "Research excellence and academic development: Modern library practices in present scenario" being organised by Pt Deen Dayal Upadhyay Central Library of JC Bose University of Science and Technology, YMCA, Faridabad, concluded here. The programme was sponsored by the AICTE. Vice-Chancellor Prof SK Tomar congratulated the university library on the successful completion of the programme and emphasised on the need of quality research for the growth of an academician and university as a whole. Prof AP Singh, Director-General of Raja Rammohun Roy Library Foundation, Ministry of Culture, Kolkata, was the chief guest on the occasion. Prof. Singh said the best quality literature is one of the most important things for quality research and it could be provided by the library only. He also proposed funding and collaboration between Raja Rammohun Roy Library Foundation and J C Bose University for organising various library-related activities.

**NEWS CLIPPING:10.03.2022**

## HADOTI ADHIKAR

# सोशल मीडिया पर चल रही अफवाहों को समझने की विद्यार्थियों में होनी चाहिए समझ : प्रो. तोमर

## कुलपति ने किया मीडिया विभाग के मासिक समाचार पत्र 'संचार' का विमोचन



**अधिकार संवाददाता**

फरीदाबाद, 9 मार्च। मीडिया के विद्यार्थियों को प्रशिक्षण और व्यावहारिक अनुभव प्रदान करने के उद्देश्य से जे.सी. बोस विज्ञान एवं प्रौद्योगिकी विश्वविद्यालय, वाईएमसीए के संचार एवं मीडिया तकनीकी विभाग द्वारा प्रकाशित मासिक समाचार पत्र 'संचार' के जनवरी अंक का विश्वविद्यालय के कुलपति प्रो. सुशील कुमार तोमर ने विधिवत रूप से विमोचन किया। इस मौके पर विश्वविद्यालय के कुलसचिव डॉ. सुनील कुमार गर्ग एवं मीडिया विभाग के विभागाध्यक्ष प्रो. अतुल मिश्रा भी उनके साथ मौजूद रहे।

विभागाध्यक्ष प्रो. अतुल मिश्रा ने कुलपति प्रो. सुशील कुमार तोमर को मासिक समाचार पत्र 'संचार' के बारे में जानकारी देते हुए बताया की चार पृष्ठ के समाचार पत्र संचार में विश्वविद्यालय से सम्बंधित विभिन्न समाचारों को हिंदी और अंग्रेजी दोनों भाषाओं में शामिल किया गया है। विभाग में एसोसिएट प्रोफेसर डॉ पवन सिंह ने बताया की इस समाचार पत्र को मीडिया के विद्यार्थियों द्वारा ही तैयार किया जाता है। समाचार पत्र का उद्देश्य विभाग के विद्यार्थियों में समाचारों को समझने के साथ-साथ समाचार पत्र के निर्माण में सहायक विभिन्न गुणों जैसे टाइपिंग, पेज डिजाइनिंग आदि को विकसित करना है। उन्होंने बताया की समाचार पत्र 'संचार' में समाचारों का संकलन एवं डिजाइनिंग विभाग के एम.ए. प्रथम वर्ष के विद्यार्थियों द्वारा प्रोडक्शन सहायक रामरस पाल की देख-रेख में की गयी व इस बार का अंक विभाग के सहायक प्राध्यापक डॉ. सुभाष गोयल एवं डॉ. सुधीर के सम्पादन में तैयार किया गया है।

विमोचन अवसर पर बोलते हुए कुलपति प्रो. सुशील कुमार तोमर ने कहा की मीडिया विभाग द्वारा किया जा रहा यह कार्य सराहनीय है। उन्होंने कहा की इस प्रकार की गतिविधियों से विद्यार्थियों को वास्तविक अनुभव मिलता है जो आगे चलकर उनके कार्य क्षेत्र में सहायक होता है। उन्होंने कहा की मीडिया विभाग के विद्यार्थियों को इस प्रकार की प्रैक्टिकल गतिविधियों में अपने आप को शामिल करना चाहिए, साथ ही उन्होंने विद्यार्थियों को मूल्य आधारित पत्रकारिता के लिए स्वयं को तैयार करने को कहा। नए संचार माध्यमों के बारे में बोलते हुए कुलपति प्रो. सुशील कुमार तोमर ने कहा कि सोशल मीडिया पत्रकारिता के रूप में तेजी से विकसित हुआ एक माध्यम है लेकिन सोशल मीडिया पर चल रही अफवाहों को समझने की विद्यार्थियों में समझ होनी चाहिए। उन्होंने 'संचार' समाचार पत्र के नए अंक के लिए विभाग को बधाई भी दी।

GOLDEN JUBILEE YEAR
(1969-2019)

**NEWS CLIPPING:10.03.2022**

# PIONEER

## समाचार पत्र 'संचार' का विमोचन

**फरीदाबाद।** मीडिया के विद्यार्थियों को प्रशिक्षण और व्यावहारिक अनुभव प्रदान करने के उद्देश्य से जेसी बोस विज्ञान एवं प्रौद्योगिकी विवि, वाईएमसीए के संचार एवं मीडिया तकनीकी विभाग द्वारा प्रकाशित मासिक समाचार पत्र संचार के जनवरी अंक का कुलपति प्रो. सुशील कुमार तोमर ने विधिवत रूप से विमोचन किया। कुलसचिव डॉ. सुनील कुमार गर्ग एवं मीडिया विभाग के विभागाध्यक्ष प्रो. अतुल मिश्रा भी उनके साथ मौजूद रहे। विभागाध्यक्ष प्रो. अतुल मिश्रा ने कुलपति प्रो. सुशील कुमार तोमर को मासिक समाचार पत्र संचार के बारे में बताया कि चार पृष्ठ के समाचार पत्र संचार में विवि से सम्बंधित विभिन्न समाचारों को हिंदी और अंग्रेजी दोनों भाषाओं में शामिल किया गया है।

**NEWS CLIPPING:10.03.2022**

# HINDUATAN

# वाईएमसीए में मासिक समाचार पत्र का विमोचन

फरीदाबाद । वाईएमसीए के संचार एवं मीडिया तकनीकी विभाग की ओर से प्रकाशित मासिक समाचार पत्र 'संचार' के जनवरी अंक का बुधवार को विश्वविद्यालय के कुलपति प्रो. सुशील कुमार तोमर ने विमोचन किया। मौके पर विश्वविद्यालय के कुलसचिव डॉ. सुनील कुमार गर्ग और मीडिया विभाग के विभागाध्यक्ष प्रो. अतुल मिश्रा भी मौजूद रहे।

**NEWS CLIPPING:10.03.2022**

# AMAR UJALA

## विवि में मासिक समाचार पत्र 'संचार' का विमोचन

**फरीदाबाद।** जेसी बोस विश्वविद्यालय में मीडिया विभाग के विद्यार्थियों को प्रशिक्षण और व्यावहारिक अनुभव प्रदान करने के लिए मासिक समाचार पत्र संचार का विमोचन किया गया। विवि के कुलपति प्रो. सुशील कुमार तोमर ने बुधवार को जनवरी के अंक का विमोचन किया। विवि के कुलसचिव डॉ. सुनील कुमार गर्ग व मीडिया विभाग के विभागाध्यक्ष प्रो. अतुल मिश्रा इस दौरान मौजूद रहे। प्रो. अतुल मिश्रा ने जानकारी देते हुए बताया की चार पृष्ठ के समाचार पत्र संचार में विश्वविद्यालय के विभिन्न समाचारों को हिंदी और अंग्रेजी दोनों भाषाओं में प्रकाशित किया जाएगा। विभाग के एसोसिएट प्रोफेसर डॉ. पवन सिंह ने बताया की इस समाचार पत्र को मीडिया के विद्यार्थियों द्वारा ही तैयार किया जाता है। इस बार का अंक सहायक प्राध्यापक डॉ. सुभाष गोयल व डॉ. सुधीर के संपादन में तैयार किया गया।

J. C. Bose University of Science and Technology, YMCA, Faridabad
*(formerly YMCA University of Science and Technology)*
A State Govt. University established wide State Legislative Act. No. 21 of 2009
SECTOR-6, FARIDABAD, HARYANA-121006
Ph. 129-2310127 | email:proymcaust@gmail.com | web: www.jcboseust.ac.in

GOLDEN JUBILEE YEAR
(1969-2019)

**NEWS CLIPPING:10.03.2022**

# AAJ SAMAJ

# कुलपति ने किया मीडिया विभाग के मासिक समाचार पत्र संचार का विमोचन

## आज समाज नेटवर्क

**फरीदाबाद।** मीडिया के विद्यार्थियों को प्रशिक्षण और व्यावहारिक अनुभव प्रदान करने के उद्देश्य से जे.सी. बोस विज्ञान एवं प्रौद्योगिकी विश्वविद्यालय, वाईएमसीए के संचार एवं मीडिया तकनीकी विभाग द्वारा प्रकाशित मासिक समाचार पत्र 'संचार' के जनवरी अंक का विश्वविद्यालय के कुलपति प्रो. सुशील कुमार तोमर ने विधिवत रूप से विमोचन किया। इस मौके पर विश्वविद्यालय के कुलसचिव डॉ. सुनील कुमार गर्ग एवं मीडिया विभाग के विभागाध्यक्ष प्रो. अतुल मिश्रा भी उनके साथ मौजूद रहे। विभागाध्यक्ष प्रो. अतुल मिश्रा ने कुलपति प्रो. सुशील कुमार तोमर को मासिक समाचार पत्र ह्यसंचारह्य के बारे में जानकारी देते हुए बताया की चार पृष्ठ के समाचार पत्र संचार में विश्वविद्यालय से सम्बंधित विभिन्न समाचारों को हिंदी और अंग्रेजी दोनों भाषाओं में शामिल किया गया है। विभाग में एसोसिएट प्रोफेसर डॉ पवन सिंह ने बताया की इस समाचार पत्र को मीडिया के विद्यार्थियों द्वारा ही तैयार किया जाता है। समाचार पत्र का उद्देश्य विभाग के विद्यार्थियों में समाचारों को समझने के साथ-साथ समाचार पत्र के निर्माण में सहायक विभिन्न गुणों जैसे टाइपिंग, पेज डिजाइनिंग आदि को विकसित करना है। विभाग के एम.ए. प्रथम वर्ष के विद्यार्थियों द्वारा प्रोडक्शन सहायक रामरस पाल की देख - रेख में की गयी व इस बार का अंक विभाग के सहायक प्राध्यापक डॉ. सुभाष गोयल एवं डॉ. सुधीर के सम्पादन में तैयार किया गया है। विमोचन अवसर पर बोलते हुए कुलपति प्रो. सुशील कुमार तोमर ने कहा की मीडिया विभाग द्वारा किया जा रहा यह कार्य सराहनीय है। उन्होंने कहा की इस प्रकार की गतिविधियों से विद्यार्थियों को वास्तविक अनुभव मिलता है जो आगे चलकर उनके कार्य क्षेत्र में सहायक होता है।